तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 1 मार्च 2026





04 हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली मिलन समारोह



05 देवरी थाना में शांति समिति की बैठक हुई, होली-ईद...









**खबर संक्षेप**

### हाइवा से टक्कर, घायल युवक की हुई मौत



**बालोद/निकुम।** बीते 14 फरवरी को अंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेस्ट हाउस निकुम में देर शाम गृह ग्राम निकुम लौट रहे रेवा राम साहू सड़क किनारे लाफरवाही पूर्वक सड़क पर रात अंधेरे में खड़े हाइवा सी जी 07 ए एक्स 9198 से टकराने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका भिलाई अस्पताल में ईलाज चल रहा था। आईसीयू वार्ड में बीते पखवाड़े भर से भर्ती था, बीते शुक्रवार को ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, मृतक का दस महीने की मासूम बच्ची, पत्नी और पूरे परिवार गमगीन हो गया, वही अंडा पुलिस ने वाहन के खिलाफ धारा 258, 281, 125ए, 106 (1) में अपराध दर्ज कर शव को पोस्टमार्डम में भेजकर घटना की विवेचना में जुटी है।

**सौगात :** साय सरकार की कृषक उन्नति योजना ने होली को बना दिया दिवाली

# सीएम ने एक लाख से अधिक किसानों को 511 करोड़ रुपये की अंतरण राशि जारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के 25 लाख 28 हजार किसानों के खाते में 10 हजार 324 करोड़ रूपये की आदान सहायता राशि का अंतरण किया है। साय बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखण्ड के ग्राम रहंगी के खेल मैदान में राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी कृषक योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत किसानों के अंतर की राशि का वितरण हेतु आज आयोजित आदान सहायता वितरण कार्यक्रम के अवसर पर बटन दबाकर ऑनलाईन राशि का अंतरण किया।

■ बालोद जिले के पांचों विकासखण्डों में हुआ कार्यक्रम

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने बालोद जिले के 01 लाख 48 हजार 293 किसानों के खाते में भी 511 करोड़ 11 लाख 06 हजार रुपये की राशि का अंतरण किया। जिले के सभी पांचों विकासखण्डों के कृषि उपज मण्डी एवं प्राथमिक सेवा सहकारी समितियों में आदान सहायता राशि वितरण ▶▶| शेष पेज 4 पर





## किसान हित सर्वोपरि, भाजपा का संदेश

बालोद। छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि भाजपा घोषणाओं की नहीं, बल्कि परिणामों की राजनीति करती है। प्रदेश के किसानों के खातों में राशि सीधे हस्तांतरित कर सरकार ने अपने संकल्प को सिद्धि में बदल दिया है। उक्त बाते जिला अध्यक्ष देशमुख ने कही। उन्होने कहा पूर्ववर्ती सरकारें किसानों को केवल आश्वासनों और भ्रम में उलझाए रखती थीं, वहीं साय सरकार ने सत्ता में आते ही किसान हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। आज किसानों के खातों में बिना बिचौलियों और बिना किसी देरी के राशि पहुंच रही है, यही सुशासन का वास्तविक स्वरूप है। जिला महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव व सौरभ लूनिया ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी की भूमिका को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि उनके मजबूत वित्तीय अनुशासन और पारदशऍ प्रबंधन के कारण इतनी बड़ी राशि का सुव्यवस्थित और त्वरित भुगतान संभव हो पाया है। प्रदेश के सभी जिला एवं जनपद मुख्यालयों में किसानों की उपस्थिति में समारोहपूर्वक राशि वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि अन्नदाता के स्वाभिमान और सम्मान का उत्सव है। बालोद जिले के 1 लाख 48 हजार किसानों के खाते में 511 करोड़ रुपए जारी किए गए। महामंत्रीयों ने कहा कि भाजपा सरकार किसान, युवा और गांव के सशक्तिकरण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है तथा समृद्ध और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### किसानों के खिले चेहरे

गुरूर विकासखण्ड के समारोह में पहुंचे ग्राम डोकला निवासी किसान टाकेश्वर ने कृषक उन्नति योजना के माध्यम से उनके खाते में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत 52 हजार 869 की राशि अंतरित होने से बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे।

# अनियंत्रित ट्रक दुकान में घुसा, अनहोनी टली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पथराटोला में शनिवार सुबह करीब 7 बजे आलापल्ली से रायपुर जा रहा ट्रक क्रमांक सीजी 22 एक्स 5339 दल्लीराजहरा–बालोद मुख्य मार्ग पर अनियंत्रित हो दुकान में घुस गया। बताया जा रहा है कि चालक को झपकी आने के कारण ट्रक पहले सड़क किनारे खड़ी एक अन्य हाइवा से टकराया, फिर बिजली पोल को तोड़ते हुए ग्रामीण भादूराम कोसमा की दुकान में जा घुसा।

ग्रामीणों के अनुसार ट्रक को दुकान की ओर तेजी से आते देख मौके पर मौजूद लोग घबरा गए और अपनी जान बचाने के लिए भाग खड़े हुए। ट्रक में कच्चा लोहा आयरन ओर भरा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चालक काफी नींद में लग रहा था। सूचना मिलते ही दल्लीराजहरा पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक व चालक को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। हालांकि ट्रक की रफ्तार कम होने के कारण गंभीर हादसा टल गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक की टक्कर के झटके से खड़ी हाइवा भी आगे बढ़ने लगी, लेकिन पास में मौजूद चालक ने तुरंत ब्रेक लगाकर उसे नियंत्रित कर लिया। जिससे बड़ा हादसा टल गया। टक्कर से एक बिजली पोल क्षतिग्रस्त हो गया और बिजली के तार टूट गया। घटना के बाद बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त पोल व तारों को दुरुस्त करने में जुट गई।




## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

**दुर्ग।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। उपाध्यक्ष अजय उमरे, दिनेश देशमुख, ओपी रजक, सुखदेव देवांगन, कमलेश हिरवानी, धर्मेंद्र सोनकर, महामंत्री सुरेंद्र साहू सानिध्य चंद्राकर, मंत्री मलखान सिंह लोधी, भारतेंदु गौतम, संदीप कहार, गौरव मढारिया, रमेश वर्मा, चेतन सिन्हा, राजू देशमुख कोषाध्यक्ष प्रेम देवांगन, संजय देशमुख, श्रीकांत चंद्राकर, कार्यालय मंत्री नगीना यादव, चिंटू यादव, रामकुमार सोनी, मीडिया प्रभारी आशुतोष यादव, विपिन चावड़ा, विक्रम आदित्य देशमुख, सोशल मीडिया प्रभारी विजयकांत बंछोर, यश वर्मा, आईटी सेल संयोजक दुष्यंत साहू, प्रांजल भारद्वाज, मन की बात प्रभारी देव वर्मा, योजना प्रचार प्रसार प्रमुख चंचल यादव, प्रमुख प्रकाश नारायण देवांगन, कार्य समिति सदस्य दिलीप साहू, महेश ठेठवार, फते लाल साहू, वीरेंद्र सिंह, विनोद ताम्रकार, अमर सिंह यादव, उमेश साहू, दामोदर चक्रधारी, गुलशन साहू, शुभम साहू, महेश सार्वा, गोविंद देवांगन, अंगेश्वर साहू, रवि सिन्हा, राकेश भारती साहू, विकास ताम्रकार, राकेश देवांगन, धन सिंह चंद्राकर, कमल देवांगन को बनाया गया है। कार्यकारिणी घोषणा के बाद वरिष्ठजनों और महिलाओं में नाराजगी सामने आई है। प्रमुख पदों पर गिनती के लोगों को जगह दी गई है।

### जमीन बेचने का झांसा 55 लाख की ठगी आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** जमीन बेचने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि ज्ञानेश्वर सिंह ने शिकायत किया कि कातुल बोर्ड, पटवारी हल्का 20 में भूमि स्वामी संदीप जैन, अनुराग जैन के नाम पर दर्ज है। आरोपीगण द्वारा अपने नाम से इसका एग्रीमेंट होना बताकर बताया और बेचा था। इकरारनामा कर पीड़ित से नगद 16 लाख रुपए एवं बैंक खाते के माध्यम से 15 लाख रुपए लिया। कुल 55 लाख रुपए आरोपी 302 कल्पतरु अपार्टमेंट, कृष्णा टॉकीज रोड, रिसाली निवासी अजमेर ने लिया। पुलिस जांच में पता चला कि भूमि स्वामी के नाम से फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड तैयार कर आईसीआईसी बैंक में फर्जी खाता खुलवाकर राशि आहरित किया गया। पुलिस ने पूर्व में आरोपी कुलदीप सिंह सोनी, जोगी सिंह सोनी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

# तकनीकी शोधपत्र प्रतियोगिता में ग्रीन रेनोवेशन के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स (आईआईएम) के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आईआईएम भिलाई चैप्टर द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआर -लर्निंग एंड डेवलपमेंट सेंटर में तकनीकी शोधपत्र प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिति बीसप के कार्यपालक निदेशक और भिलाई चेप्टर के अध्यक्ष राकेश कुमार थे। प्रतिभागी विशेषज्ञों ने कार्बन नियंत्रण पर जागरुक किया।

ग्रीन रेनोवेशन एंड इनोवेशन्स विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता ने इस्पात उद्योग में पर्यावरणीय प्रदर्शन सुधार, ऊर्जा दक्षता संवर्धन तथा परिचालन उत्कृष्टता के लिए सतत एवं नवाचारी समाधान पर संयंत्र के विभिन्न विभागों से कुल 15 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में इस्पात उद्योग के भविष्य निर्माण में सतत प्रौद्योगिकियों, ऊर्जा संरक्षण उपायों एवं पर्यावरणीय उत्तरदायी नवाचारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। बीएसपी के विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## आईआईएम भिलाई चैप्टर का स्थापना दिवस

### निर्णायकों ने सराहा

प्रतियोगिता का मूल्यांकन विशिष्ट विशेषज्ञों में प्राचार्य, शासकीय महिला पॉलिटेक्निक, रायपुर डॉ. वर्षा पांड्या चौरसिया, प्रोफेसर, आईआईटी भिलाई डॉ. यज्ञेश शादंगी; पूर्व सीजीएम बीएसपी एवं उपाध्यक्ष, आईआईएम भिलाई चैप्टर तापस दासगुप्ता; तथा सीजीएम बीएसपी बीके बेहरा शामिल थे।



### विजेता प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

शोधपत्र प्रस्तुति प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एसपी-3 व ओएचपी की टीम सजीव वर्गीस, आरडी शर्मा, अरुणेश शर्मा, विपुल सोनी को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार भी एसपी-3 और ओएचपी की टीम विवेक श्रीवास्तव, श्री विकास पिपरानी, अखिल यूके व केके वर्मा ने प्राप्त किया तथा तृतीय पुरस्कार एसएमएस-3 की टीम श्री अतुल बेंडाले एवं श्री सुशील कुमार को मिला। कार्यक्रम में महाप्रबंधक मानद सचिव केवी शंकर, कोषाध्यक्ष एलआरआरसी मूर्ति, उदयभानु तिवारी, संयुक्त सचिव जेएस कोहली आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक मनीषा नंदी ने किया।

## समस्या निदान के लिए सेल या इस्पात मंत्रालय के अधिकारी भिलाई भेजने की गुहार

# रिटेंशन : भाजपा व कांग्रेस के आंदोलन के बाद अब प्रधानमंत्री से दखल पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सैकड़ों सेवानिवृत्त कर्मचारियों की आवासीय समस्या के जल्द निदान के लिए बीएसपी पर दबाव बढ़ता जा रहा है। रिटेंशन स्कीम की बेतहाशा किराया वृद्धि वापस लेकर इस स्कीम को यथावत रखे जाने की श्रमिक संगठनों के साथ कांग्रेस और भाजपा के आंदोलन के बाद अब सीधे प्रधानमंत्री से इस गहराती समस्या के निदान की मांग की गई है। निराकरण का दायित्व बीएसपी प्रबंधन पर छोड़कर सेल अथवा इस्पात मंत्रालय के अधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल को यहां भेजकर यहां के सांसद,विधायक, जन प्रतिनिधियों व सेवानिवृत्त कर्मियों से चर्चाकर समाधान कराने की मांग की है।

बीएसपी प्रबंधन द्वारा रिटेंशन स्कीम का किराया 24 सौ रुपए प्रति वर्गफीट करने के बाद इस स्कीम का बंद करने से चौदह सौ सेवानिवृत्त रिटेंशनधारियों में असंतोष बढ़ रहा है। इसके खिलाफ यूनियनों के बाद सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने प्रबंधन व इस्पात मंत्री से रिटेंशन स्कीम यथावत रखे जाने की मांग की थी वहीं भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव ने भी चार दिन तक आमरण अनशन किया था। बाद रिटेंशनधारियों ने भाजपा के समर्थन में नगर सेवाएं विभाग भवन के सामने जंगी प्रदर्शन फिर स्कूटर रैली भी निकाली थी।

अब जिला भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अमर सोनकर ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भेजकर रिटेंशन समस्या की वस्तुस्थिति से अवगत कराने हुए सेवानिवृत्त रिटेंशनधारियों की समस्या का जल्द निदान किए जाने की मांग की है। बीएसपी प्रबंधन पर दोहरा मापदंड अपनाने व पीएम को दिग्भ्रमित किए जाने का आरोप लगाते हुए बताया है कि पूर्व पत्र में सेवानिवृत्त कर्मियों पर प्रबंधन द्वारा 24 रुपए प्रति स्कवेयर फीट की दर से पैनाल्टी लगाने की शिकायत की गई थी। जबकि थर्ड पार्टी से 8 रुपए आवासीय किराया लिया जा रहा है। सेल की अन्य इकाइयों की तरह बीएसपी द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए रिटेंशन पालिसी लागू किया गया था, जिसके तहत दो लाख से नौ लाख रुपए जमा करवाकर अपने बीएसपी आवास निवास कर रहे हैं। इस जमा राशि पर बीएसपी कोई ब्याज भी नहीं देती है। रिटेंशन अवधि के समाप्त होने के बाद रिटायर 32 गुना पेनाल्टी के साथ किराया पटा रहे हैं, जो 5 से 7 हजार रुपए आ रहा था । लेकिन बीएसपी के किराया वृद्धि बाद 15 से 20 हजार रुपए आ रहा है। इसे पटाने में असमर्थ सेवानिवृत्त कर्मी लगातार आंदोलित हैं।

### पीएम मोदी को पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष सोनकर ने लिखा पत्र



#### रिटायर कर्मियों पर 8 नहीं 24 रुपए वर्गफीट से रेंट लगाया जा रहा

पीएम को ज्ञापन में रिटेंशन स्कीम की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए बताया गया है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा पीएम रिटायर कर्मियों पर रिटेंशन अवधि समाप्त होने पर पैनल रेंट का प्रावधान है, 8 रुपए वर्गफीट थर्ड पार्टी है। जबकि वास्तविकता यह है कि बीएसपी द्वारा रिटायर कर्मियों पर 8 रुपए नहीं 24 रुपए प्रति वर्गफीट से पैनल रेंट लगाया जा रहा है। पीएम को यह भी बताया गया है कि रिटेंशनधारियों के बीएसपी क्वार्टर में रहने से बीएसपी को राजस्व प्राप्ति, नियमित मेंटेनेंस होने के साथ मकान खाली रहने अराजक तत्वों की अराजकता बढ़ने की चिंता से भी बीएसपी मुक्त है। जबकि बीएसपी द्वारा बिना किसी कार्ययोजना के खाली कराए जा रहे आवास के खिड़की, दरवाजे निकाकर खंडहर में तब्दील किए जाने से इनमें अपराध बढ़े रहे हैं। श्री सोनकर पीएम से रिटेंशन स्कीम को यथावत रखने सेल या मंत्रालय के प्रतिनिधि मंडल को भेजकर यहां रिटायर रिटेंशनधारियों व सांसद विधायक से चर्चाकर रिटेंशन समस्या का निदान कराने की मांग की है।

#### अन्य संयंत्रों में मिल रहे हैं बड़े लायसेंसी आवास

पीएम को पत्र में बताया है कि बीएसपी द्वारा अपने कर्मियों को मात्र 4 सौ वर्ग फीट तक के आवास ही लायसेंस पर दिए जा रहे हैं, जबकि सेल की सभी इकाइयों द्वारा अपने कर्मचारियों को 650 वर्गफीट से अधिक के आवास लायसेंस पर दिए जा रहे हैं। थर्ड पार्टी आवंटियों पर बकाया लाखों रुपए की वसूली के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहा है। जबकि दीर्घ योगदान से बीएसपी को सेल में सर्वाधिक कीर्तिमानी यूनिट बनाने वाले रिटायर बीएसपी कर्मचारी रिटेंशनधारियों के साथ भेदभाव से असंतोष बढ़ रहा जिससे भाजपा के प्रतिआम जनमानस में आक्रोश पैदा हो रहा है। सबको आवास योजना पर कुठाराघात हो रहा है। श्री सोनकर ने बताया कि छग विधानसभा चुनाव के दौरान कोर ग्रुप के सदस्य के नाते मैंने यहां आए सभी प्रभारियों को रिटेंशन समस्या से अवगत कराने पर भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में भी इन विषयों को शामिल किया था।

## कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भक्त माता कर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय बालोद में विज्ञान संकाय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रओं में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना, वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना तथा अनुसंधान एवं नवाचार के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए की गई।

इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक प्रो. संतोष राना ने महान भारतीय वैज्ञानिक सीवी. रमन के जीवन, संघर्ष एवं वैज्ञानिक योगदान पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन सीवी. रमन ने रमन प्रभाव की ऐतिहासिक खोज की थी, जिसके लिए उन्हें वर्ष 1930 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि सीवी. रमन का योगदान केवल भौतिकी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उनके शोध कार्यों ने रसायन विज्ञान, खगोल विज्ञान, प्रकाश विज्ञान एवं आधुनिक तकनीकी विकास जैसे अनेक क्षेत्रें को भी प्रभावित किया। डॉ. श्रेष्ठा शुक्ला ने विज्ञान को अन्य सभी विषयों के साथ संबंधित करते हुए उसके व्यावहारिक एवं सामाजिक महत्व को स्पष्ट किया, जिससे छात्रओं में वैज्ञानिक सोच, तार्किक दृष्टिकोण एवं नवाचार के प्रति रुचि विकसित हुई। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रओं ने भाग लिया। इस गतिविधि ने छात्रओं के ज्ञान, तार्किक क्षमता एवं आत्मविश्वास को और अधिक सुकृढ़ किया। इस कार्यक्रम में प्रो. तरुण कुमार, प्रो. धीवराज भोयर, डॉ. अमित सिंह, विनोद कुमार, जिज्ञासा पटेल, त्रिवेणी सेन, वर्षा साहू एवं बड़ी संख्या में छात्रएं उपस्थित रहीं। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का यह आयोजन छात्रओं के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणास्पद एवं भविष्य में विज्ञान तथा अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने हेतु मार्गदर्शक सिद्ध हुआ।

## नाली निर्माण और उद्यानों में पेवर ब्लॉक कार्य का किया निरीक्षण

**भिलाई।** निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर निर्माणाधीन नाली और उद्यानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्य समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं और शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए।आयुक्त ने जोन-5 के अंतर्गत एमजीएम स्कूल के समीप बन रही नाली का बारीकी से अवलोकन किया। स्थानीय नागरिकों की जल निकासी संबंधी समस्याओं को देखते हुए इस नाली का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने मौके पर उपस्थित अभियंताओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए इसे जल्द से जल्द पूरा करें।

## भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ में उपाध्याय और घनघोरकर ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भारतीय जनता पार्टी भिलाई जिला कार्यालय में आयोजित समारोह में शिक्षा प्रकोष्ठ के संयोजक के रूप में विनोद उपाध्याय ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य के रूप में जेपी घनघोरकर और बृजमोहन उपाध्याय ने भी अपनी जिम्मेदारियां संभाली। सहसंयोजक के रूप में अंबिका द्विवेदी और सूर्यकांत पांडे ने भी पद ग्रहण किया।

कार्यक्रम के दौरान विनोद उपाध्याय और जेपी घनघोरकर ने सांसद विजय बघेल और जिला भाजपा अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पूरी टीम के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। पदभार ग्रहण के बाद विनोद उपाध्याय ने कहा कि वे शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। वहीं जेपी घनघोरकर ने कहा कि प्रदेश कार्य समिति सदस्य के रूप में वे अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगे। इस मौके पर ओम प्रकाश यादव और अफजल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि पार्टी की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में व्यापक विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मनीष अग्रवाल, सुषमा जेठानी, योगेंद्र सिंह, मदन सेन, सूर्यकांत पांडे, अंबिका द्विवेदी, रवि सिंह, अविनाश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली मिलन समारोह

**अंडा।** ग्राम पंचायत आमटी में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह में ग्राम पंचायत आमटी की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, उप सरपंच डॉ. तुला राम साहू, सचिव उत्तम देशमुख सहित पंचगण पंकज पटेल, शारदा पटेल, राजेश कुमार देवांगन, चमेली निषाद, देवेंद्र देशमुख, गुंजा साहू, लेखराम साहू, सावित्री साहू, सोनिया बाई, धनेश्वरी पटेल, खिलेश्वरी साहू, जानकी साहू, उत्तम साहू, कुशाल राम, सीताराम यादव, कीर्ति साहू, रजनी यादव, ईश्वरी साहू उपस्थित रहे। इसके अलावा रोजगार सहायक देवकुमार साहू, कोटवार जसवंत वर्मा, मोहन लाल, दानेश्वरी साहू, निहाल साहू सहित अन्य ग्रामीणजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर



आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ मनाने का पर्व है। सभी से शांतिपूर्ण एवं सद्भावना के साथ होली मनाने की अपील की गई। समारोह का वातावरण रंगों और उत्साह से सराबोर रहा तथा पूरे ग्राम में त्योहार की उमंग साफ दिखाई दे।

## नेताओं के झगड़े में रुका शहर का विकास कार्य भूमिपूजन के बाद सड़क का रोका गया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशाली नगर विधानसभा के जोन 2 क्षेत्र में कैलाश नगर और कुरुद में दो ऐसी सड़कें है जो इसी तरह के विवाद में उलझ कर रह गई हैं। एक सड़क की हालत इतनी दैनीय है कि वहां से लोगों का आना जाना तक बंद हो गया है। जानकारी ने मुताबिक न्यू कैलाश नगर कुरुद क्षेत्र से लगी एक सड़क महावीर मार्ग है जो लोहिया रोड को जोड़ता है। यह सड़क वार्ड 21 की पार्षद नेहा साहू के वार्डे में आती है। नेहा साहू का कहना है की इस सड़क की हालत काफी दैनीय थी। लोगों की बार बार मांग के चलते उन्होंने इस सड़क के निर्माण के लिए मद की मांग की थी। नगरोत्थान मंद से यहां 480



मीटर लंबी सड़क और नाली निर्माण के लिए 46 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। परियोजना शाखा की इंजीनियर और निगम के अधिकारी दो सप्ताह पहले मौके पर आए। नेहा साहू को भी वहां बुलाया गया। उन्होंने निर्माण शुरू करने के लिए वहां विधिवत मोहल्ले वासियों के सामने भूमि पूजन किया। ठेकेदार ने तुरंत काम भी शुरू कर दिया। नाली को जेसीबी से खोद डाला। अगले दिन जैसे ही यह खबर मीडिया में प्रकाशित हुई की नेहा साहू ने रोड का भूमिपूजन किया भाजपा के बड़े नेताओं ने दबाव डलवाकर काम को रुकवा दिया। अब यहां की हालत यह हो गई है कि दो सप्ताह से सड़क में मिट्टी पड़ी होने से लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। पार्षद नेहा साहू का कहना है कि काम बंद होने का कारण राजनीतिक द्वेष है। अधिकारी न फोन उठा रहे हैं न ये बता रहे हैं कि सड़क का निर्माण कार्य क्यों नहीं हो रहा है।

## ट्रांसफार्मर अन्यत्र स्थानांतरित करने वार्डवासियों ने किया विरोध प्रदर्शन, बिजली दफ्तर में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रांसफार्मर अन्यत्र स्थानांतरित करने वार्ड 11 शांतिपारा के निवासियों ने बिजली दफ्तर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि दो दिन पहले बारुद से लदे ट्रक के ट्रांसफार्मर से टकराने से वह क्षतिग्रस्त हो गया था।

■ बीच सड़क पर ट्रांसफार्मर से लोगों को परेशानी

शुक्रवार को पार्षद रामखिलावन वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वार्डवासी बिजली दफ्तर पहुंचे।

उनकी मांग थी कि सड़क पर जहां ट्रासंफार्मर लगा हुआ था उसे दूसरी जगह स्थानांतिरत किया जाए। लोगों ने बताया कि बीच सड़क पर ट्रांसफर होने के कारण आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गली के सामने ट्रांसफार्मर होने से कार, एम्बुलेंस, शव वाहन आदि को आने



जाने में दिक्कत होती है। इस दौरान बिजली दफ्तर में काफी गहमा गहमी का माहौल रहा। विवाद इस बात से और बढ़ी की बिजली विभाग का कहना था कि फिलहाल वहीं ट्रांसफार्मर लगाएंगे, कुछ दिन बाद इसे हटा दिया जाएगा। इसका लोगों ने जमकर विरोध किया। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने के कारण लंबे समय तक बिजली गुल रही। फिलहाल बिजली की व्यकल्पिक व्यवस्था की गई थी। उल्लेखनीय है कि भिलाई-3 क्षेत्र में रायपुर की ओर जा रही बारूद से भरी एक ट्रक क्रमांक टीएस 05 यूबी 2355 अनियंत्रित होकर मेन मार्केट में ट्रांसफार्मर पोल से जा टकराई थी। चालक और क्लीनर दोनों शराब के नशे में थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रांसफार्मर पोल क्षतिग्रस्त हो गया था। इस हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने शुक्रवार की सुबह पार्षद के साथ बिजली ऑफिस पहुंचे और ट्रांसफार्मर को दूसरी जगह स्थानांतरित करने की मांग की।सहायक अभियंता मुकेश कुमार लहरे के आश्वासन के बाद आक्रोशित लोग वापस लौट गए।

### ट्रांसफार्मर होने से लोग परेशान

"बिजली विभाग का कहना था कि इसी जगह पर पोल गाड़ते हुए ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। इसका हमने विरोध किया है। गतवा तालाब, शांति नगर, मुक्तिधाम जाने का आम रास्ता है। बीच सड़क पर ट्रांसफार्मर होने से लोग परेशान है। कल बारुद से भरा हुआ ट्रक ट्रांसफार्मर से टकरा गया था। गनीमत रहा कि उसमें ब्लास्ट नहीं हुआ। नहीं तो कई लोगों की जान जा सकती थी। **-रामखिलावन वर्मा,** पार्षद वार्ड 11, भिलाईतीन

## जिला चिकित्सालय में महिला की टूटी जांघ की हड्डी का सफल ऑपरेशन

**बालोद।** जिला चिकित्सालय बालोद के अस्थि रोग विशेषज्ञों द्वारा अस्पताल में भर्ती बालोद विकासखण्ड के ग्राम खपरी निवासी 56 वर्षी मरीज रामकली बाई के जांघ की हड्डी का शुक्रवार 27 फरवरी को सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। उल्लेखनीय है कि मरीज रामकली बाई की जांघ की दांया हड्डी टूट जाने के कारण उनके परिजनों ने 23 फरवरी को जिला चिकित्सालय बालोद में भर्ती किया था। मुख्य अस्पताल अधीक्षक आरके श्रीमाली के निर्देशानुसार अस्पताल के अस्थि रोग विशेषज्ञों के द्वारा गहन जांच के उपरांत 27 फरवरी को रामकली बाई के दांए जाघ की हड्डी का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया।



जिला चिकित्सालय बालोद के चिकित्सकों के द्वारा समय पर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराकर सफलतापूर्वक ऑपरेशन किए जाने से मरीज रामकली को तत्काल राहत मिला है। विदित हो कि मुख्य अस्पताल अधीक्षक आरके श्रीमाली के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय बालोद के अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज सोरी, सर्जरी विशेष डॉ. एनके साहू एवं निश्चितता विशेषज्ञ डा. अविनाश मण्डावी द्वारा बुजुर्ग मरीज रामकली बाई का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। रामकली बाई के ऑपरेशन के कार्य में ओटी स्टाफ एस देवदास, एसनेताम, शिरिन, कुमारी पूर्णिमा, पिंकी, चौतराम, भगवती, कोमल व अन्य कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पेज 3 का शेष...

### सीएम ने एक...

कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत आज डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के प्राथमिक सेवा सहकारी समिति डौण्डीलोहारा, गुरुर विकासखण्ड के बोहारडीह कृषि उपज मण्डी परिसर, गुण्डरदेही विकासखण्ड के प्राथमिक सेवा सहकारी समिति परसतराई, बालोद विकासखण्ड के प्राथमिक सेवा सहकारी समिति पीपरछेड़ी एवं डौण्डी विकासखण्ड के प्राथमिक सेवा सहकारी समिति कुसुमकसा में कृषक उन्नति योजना अंतर्गत किसानों के खाते में अंतर की राशि का अंतरण हेतु आदान सहायता राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुर विकासखण्ड के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के कृषि स्थायी समिति के सभापति तेजराम साहू थे। अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जनपद सभापति नरेश साहु, ईशा प्रकाश साहु, टुकेश्वर पाण्डे, संतोश गंगबेर, जनपद सदस्य नीलेश्वरी सिन्हा, संध्या अजेन्द्र साहू, सुभद्रा साहू, जर्नादन सिन्हा सहित अन्य अतिथियों के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख उपस्थित थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा ने किया। विशेष अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इसी तरह डौण्डी विकासखण्ड के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष मुकेश कौड़ो उपस्थित थे। अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम ने किया। विशेष अतिथि जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी एवं अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रत्येक विकासखण्डों में आयोजित समारोह में कृषकों को आदान सहायता राशि प्रमाण पत्र प्रदान करने के अलावा किसानों को उन्नत उड़द बीज एवं मृदा स्वास्थ्य परीक्षण कार्ड का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के 45 हजार 688 किसानों के खाते में 169 करोड़ 04 लाख 45 हजार रूपये, गुरूर विकासखण्ड के 27 हजार 381 कृषकों के खाते में 92 करोड़ 19 लाख 71 हजार रूपये, डौण्डी विकासखण्ड के 15 हजार 900 कृषकों के खाते में 49 करोड़ 31 लाख 89 हजार रूपये, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के 39 हजार 596 कृषकों के खाते में 137 करोड़ 74 लाख 36 हजार रूपये एवं बालोद विकासखण्ड के 19 हजार 728 किसानों के खाते में 62 करोड़ 80 लाख 64 हजार रूपये के आदान सहायता राशि का अंतरण किया।

## खबर संक्षेप



### पदोन्नति पर शाला परिवार ने दी भावभीनी विदाई

**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में पदस्थ शिक्षक भुवन सिंह कोसिमा के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत होने पर शाला परिवार एवं शाला प्रबंधन समिति द्वारा भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि भुवन सिंह कोसिमा, अध्यक्षता सरपंच सुरेश कुमार ठाकुर तथा विशेष अतिथि जनपद सदस्य डोमेन्द्र सिंह राजपूत, शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष उत्तरादेवी टंडन, प्रधान पाठक भूधर दास जोशी, शिक्षक संतोष कुमार देवांगन, शैलजा मार्टिन एवं हेमलता केशरा सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।
अतिथियों ने अपने संबोधन में कोसिमा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गणित विषय के विशेषज्ञ के रूप में उन्होंने विद्यार्थियों को सरल एवं प्रभावी शिक्षण पद्धति से लाभान्वित किया। अपने उद्बोधन में कोसिमा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम, लगन और निरंतर प्रयास से ही जीवन में लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। शाला परिवार की ओर से उन्हें प्रतीक चिन्ह, शाल-श्रीफल, पेन, डायरी एवं बैग भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक थानेश्वर साहू, मा. शाला भरदा के प्रधान पाठक संजय मार्टिन, पूर्व अध्यक्ष गिरधर यादव, सफाई कर्मचारी डामिन साहू सहित विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। भुवन सिंह कोसिमा के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिजोरा में प्रधान पाठक पद पर पदोन्नति होने पर सभी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक पीलू राम साहू द्वारा किया गया।

### न्योता भोज कराया गया



**लाटाबोड़।** शनिवार को बालोद ब्लॉक के ग्राम देवीनवागांव स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों को ग्राम पंचायत सचिव हरीश कुमार वाहिले द्वारा अपने 60 वे जन्मदिन दिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें केला मिठाई खीर पूरी बच्चों को वितरण किया। जिसमें लगभग 100 बच्चे शामिल हुए इस न्योता भोज कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव हरीश कुमार वाहिले व धर्मपत्नी किरण वाहिले सहित ग्राम के सरपंच निर्मल वनपाल भीमराज साहू, एचएम मिडिल स्कूल, अमृत सर कौशिक मैडम, बीरेंद्र साहू, दिलीप साहू शेषकुमार निषाद, थानसिंह मंडावी उपस्थित रहे।

### मिलने नहीं गया तो आरोपी ने किया हमला

**भिलाई।** श्रीराम चौक हनुमान मंदिर के पास खुर्सीपार में एक युवक पर चाकू जैसी नुकिले वस्तु से हमला कर दिया गया।
हमला इसलिए किया गया कि प्रार्थी जेल में कैद आरोपी से मिलने नहीं गया था।

**सौगात : डबल इंजन सरकार दे रही किसानों को आर्थिक संबल**

# कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर राशि का हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



**खाद, बीज व वितरण से किसानों को मिला सहयोग**



कृषि उपज मंडी प्रांगण डौंडीलोहारा में कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को अंतर राशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख शामिल हुए। मुख्य अतिथि के आसंदी से संबोधित करते हुए चेमन देशमुख ने कहा कि प्रदेश के किसानों को अब चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उनकी चिंता देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की डबल इंजन सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब दीपावली और होली जैसे त्योहारों के दौरान किसान परिवार आर्थिक संकट से जूझता पड़ता था और कई बार कर्ज लेकर त्योहार मनाने की स्थिति बनती थी। यहां तक कि घर में शुभ अवसर आने पर भी आर्थिक चिंता बनी रहती थी, लेकिन आज केंद्र और राज्य सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हर तीन माह में किसानों के खातों में 2000 रुपये की राशि सीधे अंतरित की जा रही है, जिससे किसानों को आर्थिक संबल मिल रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री कुसुम योजना के माध्यम से किसानों के खेतों में सोलर पंप स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे सिंचाई सुविधा मजबूत हो रही है और किसानों की लागत में कमी आ रही है। विशेष अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष कांति सोनबरसा ने भी किसानों को संबोधित करते हुए कृषक उन्नति योजना को किसानों के हित में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, पूर्व सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग देवेंद्र जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे, जिला उपाध्यक्ष टीनेश्वर बघेल, मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव, उत्तरा घरेंद्र, जसराज शर्मा, नेहा उपाध्याय, जयलाल मालेकर, संदीप लोढ़ा, उत्तम यदु ,दिलीप बाफना, समिति अध्यक्ष टेकराम पटेल व ब्लाक के सभी समिति के अध्यक्ष गण सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवनाथ बघेल एवं जनपद पंचायत के सीईओ, सहकारिता विस्तार अधिकारी सोमेंद्र साहू, पर्यवेक्षक अमित दिल्लीवार, आ जा सेवा सह समीति प्रबंधक बिंदा सोनकर सहित ब्लॉक के सभी समिति प्रबंधक, अधिकारी-कर्मचारी भी मौजूद थे। यह कार्यक्रम सहकारिता विभाग एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि चेमन देशमुख द्वारा किसानों को खाद, बीज एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। किसानों ने अंतर राशि प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और शासन की योजनाओं के लिए आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

## बजट स्वीकृति के बाद भी राशि जारी नहीं, विकास कार्य अटके : संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



प्रदेश की भाजपा सरकार जिले के तीनो विधानसभाओ के विकास के प्रति दुराग्रह से पीड़ित होकर कार्य कर रही है। बजट में स्वीकृति के बाद भी राशि जारी नही की जा रही है। मंत्री एवं अधिकारी लगातार गुमराह कर रहे है। उक्त आरोप संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने लगाया है। संगीता सिन्हा ने कहा बालोद विधानसभा मे दर्जनो कार्य बजट में स्वीकृति के बाद भी राशि का आबंटन नही होने से नही हो पा रहे है। कई बार अधिकारी, मंत्री से मिलने के बाद भी राशि स्वीकृति नही की जा रही है। संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया कि अब तो मंत्री सदन में भी गलत बयानबाजी कर रहे है। मंत्री जी सदन मे कहते है कि 5 करोड़ तक के कार्य विभाग स्वीकृत कर सकता है, जबकि अधिकारी कहते है कि 5 करोड़ के कार्य वित्त मंत्रालय में स्वीकृति के लिए जाता है। मंत्री के कथनानुसार 5 करोड़ से अधिक की लागत के कार्य वित्त मंत्रालय से सहमति के लिए जाता है, मंत्री राशि स्वीकृत करने के स्थान पर अब कहने लगे कि विभाग प्राथमिकता तय कर वित्त मंत्रालय भेजता है। उसके बाद राशि स्वीकृत होगी। बालोद विधानसभा के कोई भी कार्य वित्त मंत्रालय में पेंडिग नही है, संगीता सिन्हा ने कहा ऐसा लगता है कि सरकार की मंशा कार्य के लिए राशि स्वीकृत नही करने की है। इसलिए लगातार घुमावदार जवाब दिया जा रहा है। संगीता सिन्हा ने बताया कि बालोद जिले के तांदुला परियोजना के अंतर्गत पिकरीपार माईनर का लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य 494.04 लाख 2024–25 में, तांदुला परियोजना के अंतर्गत तमोरा माइनर का लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य 496.32 लाख 2024–25 में तथा तांदुला जलाशय का सुदृढ़ीकरण कार्य एवं बांध सुरक्षा के अंतर्गत फेसिंग एवं बैरिकेटिंग कार्य, सीसी रोड़ निर्माण कार्य एवं विद्युतीकरण प्रकाश व्यवस्था कार्य 1818.06 लाख 2025–26 में वित्तीय वर्श 2024–25 एवं 2025–26 में स्वीकृत है, उसकी प्रशासकीय स्वीकृति नही कर अधिकारी व मंत्री गुमराह कर रहे है। जिसका नुकसान क्षेत्र के किसानो को हो रहा है। संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के मंत्री व अधिकारी विधानसभा क्षेत्र के विकास को बाधित करने का प्रयास कर रहे है। वर्तमान बजट में तो क्षेत्र की घोर उपेक्षा की गई है एवं एक प्रकार से विकास के कार्यो पर ताला लगाने जैसा कार्य किया है।

## जिले में खेल अधोसंरचना विकास के लिए 13 करोड़ रुपये की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





बजट में बालोद जिले को खेल अधो संरचना के विकास हेतु कुल 1300 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति के अनुसार दल्लीराजहरा में इंडोर मल्टीपरपज हॉल निर्माण हेतु 500 लाख रुपये तथा जिला स्तरीय बहुउद्देश्यीय स्टेडियम निर्माण हेतु 800 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। कार्यो को तीव्र गति से कराने के लिए वर्ष 2026–27 के लिए दोनों परियोजनाओं हेतु 200–200 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा जिला महामंत्री सौरभ लूनिया एवं पूर्व भाजपा प्रदेश मंत्री जन सेवक राकेश यादव, ने कहा इंडोर मल्टीपरपज हॉल तथा जिला स्तरीय बहुउद्देश्यीय स्टेडियम बनने से जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियो को अपनी प्रतिभा को निखारने उसे और अधिक पैना करने में सहायता मिलेगी। वही इन स्टेडियम एवं हॉल के बन जाने से यहां राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेल के आयोजनो का मार्ग खुल जाएगा जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियो को सीखने एवं अपनी प्रतिभा का तुलनात्मक अध्ययन कर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा जिससे जिले के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बालोद जिले के खिलाड़ियों के लिए ऐतिहासिक साबित होगा और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, खेल एवं युवा कल्याण विभाग मंत्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, विरेन्द्र साहू, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, नरेश यदु, दल्ली राजरा नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू, डौंडीलोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, गुंडरदेही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, देवेंद्र जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे, टिनेश्वर बघेल, मनीष झा, सोमेश शोरी, कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, कमलेश सोनी, मनोज दुबे विनोद जैन, कमल पनपालिया, रवि पांडे, विवेक वैष्णव, कुसुम शर्मा, जसराज शर्मा व कार्यकर्ताओं ने हर्श व्यक्त किया।

## देवरी थाना में शांति समिति की बैठक हुई, होली-ईद पर कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : थाना प्रभारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





त्योहारों के मद्देनज़र थाना देवरी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार प्रीतम साहू, थाना प्रभारी राकेश ठाकुर तथा नायब तहसीलदार धनेंद्र कुमार कश्यप सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और ग्राम प्रमुख उपस्थित रहे। तहसीलदार प्रीतम साहू ने बैठक में स्पष्ट कहा कि होली का पर्व शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि शराब पीकर हुड़दंग करने एवं शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि की सूचना तत्काल थाना में देने की अपील की गई।

थाना प्रभारी राकेश ठाकुर ने कहा कि होली एवं ईद जैसे महत्वपूर्ण पर्वों पर किसी भी अप्रिय स्थिति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी ग्राम प्रमुखों से अपने-अपने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपसी समन्वय से त्योहार संपन्न कराने का आग्रह किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में परीक्षाएं चल रही हैं, इसलिए शादी-विवाह कार्यक्रमों में तेज आवाज में डीजे और लाउडस्पीकर का उपयोग न किया जाए। बैठक में बताया गया कि कुछ गांवों में फाग प्रतियोगिता आयोजित की जानी है, जिसके लिए एसडीएम कार्यालय से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। ग्राम प्रमुखों ने क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग भी प्रशासन के समक्ष रखी। इस अवसर पर सरपंच दीप्ति साहू, पोषण बाई तारम, नागेश ठाकुर, ईश्वर देवांगन, चंद्रहास चापिरा, रेमन कुल्हारे, थानसिंह ठाकुर, विजय कुमार राणा, उपसरपंच गोविंद ठाकुर, पूर्व सरपंच केशव शर्मा, अजय देवांगन, तुलाराम बनपेला सहित देवरीबंगला थाना क्षेत्र के कोटवार, ग्राम पटेल एवं अन्य ग्राम प्रमुख उपस्थित रहे।

प्रशासन ने सभी नागरिकों से शांति और सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहार मनाने की अपील की है।

## जिले के 1.48 लाख किसानों को 511 करोड़ 11 लाख रुपये की सौगात









हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की किसान हितैषी सरकार ने किसानों की समृद्धि के अपने संकल्प को पूरा करते हुए आज प्रदेश के किसानों के बीच उनकी खुशहाली का त्यौहार मनाया दिया। कृषक उन्नति योजना के तहत राज्य के 24.75 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक की अंतर राशि का सीधा हस्तांतरण किसानों के बैंक खाते में किया गया। इस ऐतिहासिक कदम से न केवल प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है, बल्कि लाखों किसानों के अनगिनत सपने अब साकार होने जा रहे हैं।

बालोद जिले में इस कृषक उन्नति योजना का व्यापक प्रभाव देखने को मिला है। जिले के 01 लाख 48 हजार से अधिक किसानों के बैंक खातों में 511 करोड़ 11 लाख रुपये से अधिक की राशि अंतरित की गई है। इस बड़ी आर्थिक मदद ने जिले के किसानों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी है। किसानों का मानना है कि साय सरकार का सुशासन और पारदर्शिता उनके जीवन में वास्तविक बदलाव ला रहा है। एकमुश्त भुगतान की व्यवस्था से बिचौलियों की भूमिका खत्म हुई है और सीधे मेहनत का फल किसानों के खातों में पहुंच रहा है। जिले के ग्राम बगदई के किसान लक्ष्मीचंद साहू के बैंक खाते में कृषक उन्नति योजना के तहत 01 लाख 91 हजार रुपये अंतरित हुआ है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे इस राशि का उपयोग घर में होने वाली आगामी शादी के खर्चों के लिए करेंगे। इसी तरह ग्राम कोचेरा के किसान महेन्द्र साहू ने भी प्राप्त राशि 01 लाख 10 हजार रूपए को अपनी बेटी के विवाह की तैयारियों में करेंगे, राशि मिलने पर अब वे निश्चिंत होकर विवाह कार्य सम्पन्न करेंगे। ग्राम टेंगना बरपारा के किसान चमन लाल साहू को 1 लाख 28 रुपये प्राप्त हुए हैं, जिसे वे अपने नए घर के निर्माण में लगाएंगे। वहीं ग्राम डोकला के किसान टोकेश्वर भी आज प्राप्त हुई राशि का उपयोग अपने निर्माणाधीन मकानों को पूरा करने और प्लास्टर कार्य में करेंगे। किसानों ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में हमें एकमुश्त राशि मिल रही है, जिससे बड़े काम भी आसानी से हो जाते हैं। हमें अब कर्ज लेने की जरूरत नहीं है। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से दी गई यह राशि केवल एक वित्तीय सहायता नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ के किसानों के स्वाभिमान और उनके बेहतर भविष्य की गारंटी है।

### राजिम भक्तिन माता की कांस्य प्रतिमा स्थापना के लिए 5 करोड़ की स्वीकृति

**दल्ली राजहरा।** साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि राजिम भक्तिन माता की कांस्य प्रतिमा स्थापना के लिए बजट में 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिलने पर तहसील साहू संघ दल्ली राजहरा के अध्यक्ष शीतल साहू ने छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। यह राशि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के माध्यम से स्वीकृत हुई है।
शीतल साहू ने कहा कि अरुण साव के प्रयासों से यह ऐतिहासिक कार्य संभव हो पाया है। तहसील साहू संघ की ओर से इस पुण्य कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि साहू समाज की आराध्य देवी राजिम भक्तिन माता की कांस्य प्रतिमा छत्तीसगढ़ के प्रयागराज कहे जाने वाले राजिम में, उनकी कर्मभूमि पर स्थापित की जाएगी। यह पूरे समाज के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। शीतल साहू ने कहा कि समाज अरुण साव के इस योगदान को सदैव स्मरण रखेगा।इस अवसर पर तहसील साहू संघ के पदाधिकारी व सदस्यों संरक्षक तोरण लाल साहू, लैलन कुमार, गोविंद साहू, विमला साहू, कुंती साहू, खूब लाल साहू, राजेश साहू, घनाराम साहू, साहू समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**मिठाई दुकानों और खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित जांच की मांग**

## खाद्य पदार्थों में मिलावट का आरोप, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



खाने-पीने की वस्तुओं में बढ़ती मिलावट के विरोध में आम आदमी पार्टी ने बालोद जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि बाजार में बिक रही मिठाइयों से लेकर दैनिक उपभोग की वस्तुओं तक में मिलावट का खेल चल रहा है, जिससे आम नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ हो रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि मिठाई दुकानों, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, राइस मिल, बड़े स्टोर्स तथा अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित जांच की जाए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

प्रदेश संयुक्त सचिव दीपक आरदे ने आरोप लगाया कि रोजमर्रा की वस्तुओं में खतरनाक पदार्थ मिलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूध, पनीर, मसाले, तेल और मिठाइयों तक में मिलावट की शिकायतें मिल रही हैं। विशेष रूप से त्योहारों के दौरान बिकने वाली मिठाइयों में बड़े पैमाने पर मिलावटी सामग्री उपयोग किए जाने की आशंका जताई गई। पार्टी नेताओं का दावा है कि बाजार में बिकने वाली कई मिठाइयां तथाकथित "कुंदा" नामक खोवा से बनाई जाती हैं, जो स्वादहीन और निम्न गुणवत्ता का होता है। आरोप है कि इस प्रकार के खोवा में कृत्रिम पदार्थ मिलाकर मिठाइयां तैयार की जाती हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकती हैं।

किसान विंग के प्रदेश अध्यक्ष तारेंद्र चंद्राकर ने कहा कि आम उपभोक्ता यह मानकर मिठाई और दूध खरीदता है कि उसे शुद्ध और पौष्टिक आहार मिल रहा है, लेकिन मिलावट के कारण वही उत्पाद बीमारी का कारण बन सकते हैं।

जिला अध्यक्ष बालक साहू ने कहा कि खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता है। वहीं जिला मीडिया प्रभारी पंकज जैन ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो आम आदमी पार्टी चक्काजाम आंदोलन करेगी। पार्टी नेताओं ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण एवं जिला खाद्य विभाग से नियमित सैंपलिंग, छापामार कार्रवाई और दोषियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कदम उठाने की मांग की है।

## ग्रीन स्कूल के तहत हुआ पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला गुण्डरदेही के ग्रीन स्कूल के अंतर्गत शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र देशमुख, उपाध्यक्ष रेखा सोनकर, शिक्षाविद हूबलाल बेलचंदन एवं लोकेंद्र महोबिया की उपस्थिति में कृषि विशेषज्ञ गोपेश साहू एवं पर्यावरण संरक्षक एवं कवि केशवराम साहू के द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना से आयोजन का प्रारंभ किया गया।

जिसमें गोपेश साहू के द्वारा सूखा कचरा गीला कचरा विभाजन एवं जैविक खेती के फायदे के बारे में बताया गया। केशवराम साहू के द्वारा कविता, कहानी, बोधकथा, जनौला के माध्यम से प्रकृति और मनुष्य की एक दूसरे पर निर्भरता एवं महत्व के बारे में बताते हुए पेड़ लगाने व सुरक्षा करने के बारे में बच्चों से प्रश्नोत्तरी करते हुए चर्चा की। बच्चों के द्वारा पेड़ों के महत्व के बारे में ना काटो मुझे गीत के माध्यम से नाट्य प्रदर्शन किया गया। अंत में अतिथियों को पौधा भेट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधक समिति के पदाधिकारी तथा शिक्षक गण उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### विद्यालय में न्योता भोज कराया

**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुरुर में होली पर्व के उपलक्ष्य में न्योता भोज कराया गया। इस बीच विद्यालय के प्रधानाचार्य मुरलीधर साहू एवं गिरेंद्र शर्मा, सुदर्शनसाहू, अजय कुमार, मनीष कुमार, सरोज शांडिल्य, तुलेश्वरी गजेंद्र, भुनेश्वरी सिंहा, मंजू साहू, रेखा रावटे, रेवती यादव, सुनीता नेताम उपस्थित थे।

### साय सरकार ने किया किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की अंतर राशि का भुगतान

**बालोद।** होली पर्व से पहले छत्तीसगढ़ के अन्नदाताओं के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मोदी की गारंटी के तहत किसानों को उनकी उपज का देश में सर्वाधिक समर्थन मूल्य 3100 प्रति क्विंटल देने की प्रतिबद्धता को निभाते हुए अंतर राशि का भुगतान एकमुश्त किसानों के खातों में अंतरित किया। प्रदेश भर में 28 फरवरी को सभी जिला मुख्यालयों सहित कुल 146 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर यह ऐतिहासिक पहल संपन्न की गई। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र देशमुख ने इस निर्णय को किसान हित में ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि किसानों की आय बढ़ाना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना ही उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने किसानों से किया वादा निभाया, जिला किसान मोर्चा ने हर्ष व्यक्त किया।



### महाविद्यालय की वार्षिक प्रायोगिक परीक्षाओं 6 मार्च से

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर में विश्वविद्यालय वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा सत्र 2025–26 के लिए महाविद्यालय द्वारा तिथि निर्धारित किया गया है। जिसमें बीए तृतीय वर्ष परीक्षा संपादित 06 मार्च शुक्रवार को भूगोल, बीएससी तृतीय वर्ष परीक्षा संपादित तिथि 09 मार्च सोमवार को वनस्पति शास्त्र, 2 मार्च सोमवार जंतु विज्ञान, 07 मार्च शनिवार रसायन शास्त्र की परीक्षाएं निर्धारित तिथि में संपादित की जानी है। समस्त नियमित, अमहाविद्यालय छात्र–छात्रएं निर्धारित तिथि को ध्यान में रखते हुए अपनी संपूर्ण तैयारी के साथ महाविद्यालय में उपस्थिति प्रदान करेंगे इसके पूर्व विषय प्राध्यापक से संपर्क कर परीक्षा विषय से संबंधित जानकारी प्राप्त कर लें। उक्त जानकारी महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा दिया गया।

### जिले में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू

**दुर्ग।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रांसमिशन असेसमेंट अभियान 1.0 चलाया जा रहा है। आरबीएस की टीम आयुष चिकित्सा अधिकारी, लैब टेक्निशियन व अन्य टीम सदस्यों द्वारा 6 से 7 वर्ष तक के बच्चों का रक्त परीक्षण किया जा रहा है।

**समारोह : योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही सुशासन है**

# कृषक उन्नति योजना के तहत हुआ किसान सम्मेलन व सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम पंचायत परसतराई में शनिवार को कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसान सम्मेलन एवं किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासन की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई और किसानों का सम्मान किया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी चंद्राकर थी। अध्यक्षता पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि नरेश यदु, जिला पंचायत सदस्यमीना उमाशंकर साहू, कांति सोनेश्वरी, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर, नीतीश मोंटी यादव, अध्यक्ष नगर पंचायत प्रमोद जैन, सभापति कृषि स्थायी समिति गुलशन साहू, जनपद सदस्य जैताराम ठाकुर, ठाकुर राम चन्द्राकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, पूजा मोंटी यादव, टोमन साहू, जीतू विश्वास गुप्ता, प्रकाश सिंह, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, कुलदीप साहू, पंकज चौधरी व सरपंच गायत्री ठाकुर उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के पसीने की कीमत जानती है। प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का हर किसान समृद्ध हो। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से दी जा रही यह आदान सहायता राशि सीधे आपके बैंक खातों में पहुंच रही है। जिससे बिचौलियों का खेल खत्म हुआ है। यह राशि आपकी मेहनत का सम्मान है। विरेन्द्र साहू ने कहा कि खेती–किसानी छत्तीसगढ़ की रीढ़ है। आज करोड़ों की राशि का वितरण इस बात का प्रमाण है कि विकास की मुख्यधारा में किसान सबसे ऊपर हैं। नरेश यदु ने कहा कि आधुनिक कृषि के इस दौर में आर्थिक संबल बहुत जरूरी है। यह योजना किसानों को खाद, बीज और नई तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित करेगी, जिससे उत्पादन और लाभ दोनों में वृद्धि होगी। प्रमोद जैन ने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही सुशासन है। आज परसतराई में उमड़ा यह जनसैलाब बता रहा है कि किसान इस ऐतिहासिक पहल से कितने उत्साहित हैं। सभापति गुलशन साहू ने कहा कि भाजपा सरकार किसान हितैषी है, इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं का निराकरण किया।





**क्या है कृषक उन्नति योजना, योजना का मुख्य उद्देश्य खेती की लागत को कम**

किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत किसानों को उनके द्वारा बेचे गए धान पर आदान सहायता राशि इनपुट सब्सिडी प्रदान की जाती है। इसका मुख्य उद्धेश्य खेती की लागत को कम करना और किसानों की आय में वृद्धि करना है ताकि वे आधुनिक कृषि उपकरणों और उन्नत बीजों का उपयोग कर सकें। जिले में सर्वाधिक लाभ गुण्डरदेही विकासखंड को मिला जहां 45,688 किसानों को लगभग 169 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। उक्त कार्यक्रम मे प्राधिकृत अधिकारीगण समिति प्रबंधक व सैकड़ो किसान व भाजपा पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

# थाना अंडा परिसर में हुई शांति समिति की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से थाना अंडा परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना अंडा क्षेत्र के सभी ग्राम के सरपंच, उपसरपंच व प्रतिनिधि, सर्व समाज के प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिकगण, जनप्रतिनिधि एवं पत्रकार साथी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में थाना प्रभारी पारस राम ठाकुर ने सभी उपस्थित जनों से अपील की कि होली का त्यौहार आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव के साथ मनाया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट साझा करने से बचें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। बैठक में उपस्थित पत्रकार साथियों ने भी समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाने और अफवाहों पर रोक लगाने में सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया की जिम्मेदारी है कि वह सत्य एवं शांति का संदेश जन-जन तक पहुंचाए। प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई कि त्योहार के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। मुख्य चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहेगा और लगातार गश्त की जाएगी। असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी तथा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी ग्राम प्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों ने क्षेत्र में शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ होली मनाने का संकल्प लिया।

## बूथ अध्यक्ष ने कारुटोला में सीसी रोड निर्माण का किया भूमि पूजन



**कुसुमकसा।** कुसुमकसा भाजपा मंडल के अंतर्गत ग्राम कारुटोला में सी सी रोड निर्माण का भूमि पूजन बूथ अध्यक्ष रोहित रावते के हाथो किया गया। योगेंद्र सिन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा के द्वारा कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए सभी कार्यकर्ताओ को भाजपा गमछा दिया व एक नई परंपरा की शुरुआत की गई है। भूमि पूजन का कार्य बूथ अध्यक्षों के द्वारा किया जाएगा। इसी नई परंपरा का पालन करते हुए बूथ अध्यक्ष रोहित रावटे के हाथों भूमि पूजन कराया गया।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा ने कहा भाजपा की पूंजी भाजपा का कार्यकर्ता है। इस लिए कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए कुसुमकसा मंडल मे जो भी विकास कार्य का भूमि पूजा होगा उस ग्राम के बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र प्रभारी के हाथो ही कार्य संपन्न किया जाएगा।

इस भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मंडल उपाध्यक्ष गोपाल साहू व भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा सरपंच तुलसी राम मरकाम सहित पंच गण व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर जामगांव आर में लगाई विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी के अवसर पर अटल टिंकरिंग लैब सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में विज्ञान मांडल प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। अतिथि के रूप में एटीएल एक्सपर्ट मनीष दीवान, आईटी मनमोहन सिंग धीवर, संकुल समन्वयक सुरेश कुमार महिपाल, हेडमास्टर छन्नूलाल साहू समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू मंच पर आसीन रहे। शिष अतिथि सहायक शिक्षक एमन पटवा, शिक्षिका चंद्रा दीदी ,सरस्वती शर्मा, यामिनी यादव, सुनील बंजारे, लक्ष्मी कतलम, एसके नारंग एवं टुकेंद्र ठाकुर थे। प्राचार्य पीएल बारले, उप प्राचार्य लिकेश्वर साहू, पवन बंछोर विज्ञान प्रभारी धनेश्वरी साहू शशि यदु, व्यवस्था प्रबंधक परमानंद टंडन, डामिन साहू, डाकेश्वरी साहू का सराहनीय योगदान रहा। मनीष दीवान ने कहा कि जब गांव का बच्चा विज्ञान की बारीकियों को समझने लगेगा तब गांव का भविष्य स्वमेव संवरने लगेगा। प्रधानमंत्री की इस सोच को मूर्त रूप देने में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक जामगांव आर आस पास के शासकीय अशासकीय विद्यालयों को आमंत्रित कर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान के चमत्कार से रूबरू कराने की अहम भूमिका निभा रही है। संकुल समन्वयक सुरेश कुमार महिलपाल एवं शिक्षाविद छन्नूलाल साहू ने कहा कि विज्ञान नई सोच नई डगर पैदा करती है। विधार्थियो को विज्ञान से रूबरू कराने सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर का यह प्रयास सराहनीय है। आज 15 स्कूलों के विद्यार्थियों ने एटीएल में विज्ञान के अपडेट स्वरूप को प्रत्यक्ष रूप से देखा समझा। समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, तहसील साहू संघ पूर्व उपाध्यक्ष डॉ गुलाब साहू ने कहा कि अटल टिंकरिंग लैब होनहार विधार्थियो के लिए वरदान है। उन्हें भविष्य को सुंदर गढ़ने के लिए शानदार प्लेट फार्म मिल गया। बच्चे एकाग्रचित होकर पढ़े और अपना भविष्य गढ़े। एटीएल एक्सपर्ट मनमोहन सिंह ने भी मार्गदर्शन दिए। इस प्रदर्शनी का शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं शासकीय प्राथमिक शाला भंसुली, शासकीय प्राथमिक, शासकीय प्राथमिक शाला कुम्हली, शासकीय मिडिल स्कूल कुम्हली, शासकीय, शासकीय, शासकीय मिडिल स्कूल ओदरागहन, शासकीय मिडिल स्कूल बोरवाय, शासकीय स्कूल बासिंग, शासकीय स्कूल चारभाटा, शासकीय प्राथमिक शाला जामगांव आर, सेजस मिडिल जामगांव आर एवं सरस्वती शिशु मंदिर मिडिल एवं प्राथमिक विद्यालय जामगांव आर के होनहार 100 विधार्थियो शिक्षकों ने अवलोकन किया।





अटल टिंकरिंग लैब सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर के विद्यार्थियों ने थ्री डी प्रिंटर्स ,स्मार्ट डस्टबिन, ब्लाइंड स्टीक, ऑटोमैटिक पेकिंग सिस्टम, वाई फाई रिमोट होम ऑटोमेशन लाइट, डिस्टेंस मेजरमेंट, हाइट अलार्म सिस्टम,हाइट मेजरमेंट, ऑटोमैटिक आन, ऑफ लाइट, सिक्युरिटी डोर अलार्म सिस्टम, वाटर लेबल मैनेजमेंट, लाई फाई का प्रदर्शन और विवेचन किए। अन्य विद्यालय से आए विघार्थियों के जिज्ञासा पूर्ण प्रश्नों उत्तर दिए।

# महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव में पुरस्कार वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम उत्साह पूर्ण मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा थे। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. केएल रावटे ने किया। विशेष अतिथि जनपद पंचायत सदस्य सुभद्रा ईशप्रकाश साहू, विधायक प्रतिनिधि शादिक अली, जनभागीदारी सदस्य यादराम साहू, जिला उपाध्यक्ष भाजपा मंडल बालोद कौशल साहू, जनपद पंचायत सदस्य दिनेश्वरी सिन्हा एवं गणेश्वरी खरेंद्र उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा अर्चना, वंदना एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। प्राचार्य ने स्वागत भाषण एवं महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें महाविद्यालय के उपलब्धियों एवं समस्याओं से अतिथियों को अवगत कराया। अतिथियों ने अपने ने छात्र छात्रओं को कहा कि यह समय आपके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, हमारा बनना और भटकना यही से प्रारंभ होता है। हमें अपने आप पर भरोसा रखकर आगे बढ़ना होगा तभी हम सफल हो सकते हैं। हमारा मेहनत, –दृढनिश्चय और स्वविवेक ही हमारा सच्चा साथी होता है, जो हमें आगे बढ़ाता है। साथ ही अपने माता पिता, गुरुजनों और बड़ों का आशीर्वाद भी हमारे सर पर होता है। कार्यक्रम में खेलकूद एवं साहित्यिक गतिविधि के विजेताओं को प्रतीक चिन्ह, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाले चार छात्रओं को सम्मानित किया गया।





इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्रओं द्वारा बहुत ही मनमोहक और सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई जिसमें छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं नृत्यों और गीतों को उकेरा गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ योगेंद्र धुर्वे, प्रो देवेंद्र रात्रे, प्रो टोमेश्वर साहू ने किया। आभार प्रदर्शन छात्रसंघ प्रभारी प्रो लेखराम हिरवानी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी गण एवं छात्र छात्रओं का योगदान रहा।

## उड़नदस्ते ने 10वीं बोर्ड परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल मुख्य परीक्षा 2026 कक्षा 10वीं के अंतर्गत 28 फरवरी को जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंडी, बेलौदी, माहुद बी तथा सेजेस सिकोसा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कक्षा 10वीं का विज्ञान एवं विषय का प्रश्नपत्र आयोजित किया गया था। निरीक्षण के दौरान किसी भी परीक्षा केंद्र में नकल का कोई प्रकरण नहीं पाया गया।



### ऑनलाइन सट्टा खिलाने का फरार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** साउथ आफ्रिका क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले सटोरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने फरार आरोपी असरफ नगर, तकियापारा, दुर्ग निवासी साहिल कुरैशी उर्फ सोनू को पकड़ा गया है। इसके पूर्व पुलिस ने सोहेल अहमद, संतोष कुमार गोंड को पकड़ा गया था। तब से साहिल कुरैशी फरार था। आरोपी के पास से पुलिस ने लेपटॉप, एलईडी टीवी, 4 मोबाइल फोन, डीवीआर, चार्जर, जियो सेटअप बॉक्स, वाई-फाई उपकरण, नगदी 5 हजार और एक लेखा कापी सहित 2.70 लाख 500 रुपए की जब्ती की है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# भागवत कथा में सुदामा चरित्र सुन भावुक हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम ओटेबंद में चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ अंतर्गत श्रीमद्भागवत कथा में आज पूज्य संत श्री राजीव नयन जी महाराज (श्रीधाम वृंदावन) ने अत्यंत मार्मिक ढंग से सुदामा चरित्र का वर्णन किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। महाराज श्री ने बताया कि सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता संसार के लिए आदर्श है।



निर्धन ब्राह्मण सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर द्वारिका पहुंचे, परंतु वे श्रीकृष्ण से कुछ मांग नहीं पाए। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति और सच्चा प्रेम कभी मांगता नहीं, वह केवल समर्पित होता है। भागवत कथा में परीक्षित के रूप में बैठे देवरी निवासी शेरसिंह देशमुख, तेजिया बाई देशमुख बैठे हैं। संत श्री ने बताया कि जब सुदामा द्वारिका पहुंचे तो स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने सिंहासन से उतरकर अपने मित्र का आलिंगन किया और उनके चरण धोए। यह प्रसंग दर्शाता है कि भगवान अपने भक्त के प्रेम के आगे स्वयं को छोटा कर लेते हैं। सुदामा द्वारा लाया गया साधारण सा चिवड़ा (पोहे) भगवान ने अत्यंत प्रेम से स्वीकार किया। महाराज श्री ने कहा, भगवान धन के भूखे नहीं, वे भाव के भूखे हैं। जब सुदामा बिना कुछ मांगे लौटे, तो उनके घर पहुंचते ही उनकी कुटिया महल में परिवर्तित हो चुकी थी। यह दर्शाता है कि प्रभु अपने भक्त को बिना मांगे ही सब कुछ प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जीवन में मित्रता, विनम्रता और संतोष का भाव होना चाहिए। भक्ति में अहंकार नहीं, बल्कि समर्पण होना चाहिए। सुदामा चरित्र हमें सिखाता है कि सच्चे मन से किया गया स्मरण और निष्काम प्रेम ही परमात्मा तक पहुंचने का मार्ग है।




